<u>**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**</u>
(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.5-1/2024 हिं.अ. दिनांक: 06.09.2024

<u>**परिपत्र**</u>

विषय: संस्थान के विभागों/अनुभागों/केन्द्रों द्वारा हिंदी में सर्वाधिक <u>कार्य करने पर राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता संबंधी।</u>

कृपया उपर्युक्त विषय पर हिंदी अनुभाग के दिनांक 08.08.2024 के समसंख्यक परिपत्र का अवलोकन करें जिसके द्वारा संस्थान में दिनांक 10 अगस्त, 2024 से 09 सितम्बर, 2024 के दौरान एक माह की अवधि की अंत:विभागीय राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता परिचालित की गई थी।

इस योजना के तहत 10 अगस्त से 09 सितम्बर, 2024 तक की अवधि के दौरान मूल रूप से किए गए हिंदी नोटिंग/ड्राफ्टिंग कार्य का 11 सितम्बर, 2024 को प्रात: 11.00 बजे से निरीक्षण दल द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। **निरीक्षण दल द्वारा मुख्यत: स्थापना अनुभाग (नि.का.), डॉ. भी.रा. अम्बेडकर सं.रो.कैं.अ., हृद् तंत्रिका केन्द्र, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केन्द्र, जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र तथा स्थापना अनुभाग (अस्पताल) में उपस्थित होकर हिंदी के कामकाज का निरीक्षण किया जाएगा।** तथापि इन विभागों/अनुभागों/केन्द्रों के अलावा उक्त राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता के तहत यदि कोई अन्य विभाग/अनुभाग/केन्द्र उक्त अवधि में अपने यहां हिंदी में किए गए कार्य का निरीक्षण दल द्वारा मूल्यांकन करवाना चाहता है तो कृपया इस प्रयोजन हेतु 09 सितम्बर, 2024 तक हिंदी अनुभाग को लिखित रूप में सूचित करने की कृपा करें।

अत: अनुरोध है कि संबंधित विभाग/अनुभाग/केन्द्र अंत:विभागीय राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता के तहत उक्त अवधि में हिंदी में किए गए कार्य को दिनांक 11 सितम्बर, 2024 को प्रात: 11.00 बजे से निर्णायक दल के निरीक्षण/मूल्यांकन हेतु पहले से तैयार रखें।

(पदम सिंह)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

<u>वितरण:-</u> सभी केन्द्र-प्रमुख/विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण।

<u>प्रतिलिपि:-</u>

1. निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक/परीक्षा/अनुसंधान)/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
2. उप-निदेशक (प्रशा.)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
3. उप-सचिव महोदय के निजी सचिव।
4. मुख्य प्रशासन अधिकारी/अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
5. वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी/प्रशासन अधिकारी, स्थापना अनुभाग (नि.का.)/डॉ. भी.रा. अम्बेडकर सं.रो.कैं.अ./हृद् तंत्रिका केन्द्र/डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केन्द्र/स्थापना अनुभाग(अस्पताल)/ट्रॉमा सेंटर
6. उप-निदेशक (कंप्यूटर सुविधा) - कृपया इस परिपत्र को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें।

<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान</u>
(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.5-1/2024-हिं.अ.

दिनांक: 08.08.2024

FN

<u>परिपत्र</u>

विषय: अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में विभागों/अनुभागों/केन्द्रों द्वारा हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने पर अंत:विभागीय राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता।

संस्थान में दिनांक 02.09.2024 से 14.09.2024 तक "हिंदी पखवाड़ा" मनाया जाना निश्चित किया गया है। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हिंदी पखवाड़े के अवसर पर दिनांक 10 अगस्त, 2024 से 09 सितम्बर, 2024 तक एक माह की अंत:विभागीय हिंदी नोटिंग-ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

इस प्रतियोगिता की अवधि के बाद दिनांक 11 सितंबर, 2024 को निरीक्षण दल द्वारा सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्र द्वारा हिंदी में किए गए कार्य का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण दल द्वारा घोषित परिणाम अन्तिम माना जाएगा और निरीक्षण दल द्वारा घोषित परिणाम के आधार पर राजभाषा शील्ड प्रदान की जाएगी। किसी विभाग/अनुभाग/केन्द्र द्वारा यह राजभाषा शील्ड लगातार 3 वर्षों तक जीत लेने पर यह संबंधित विभाग/अनुभाग/केन्द्र की मान ली जाएगी।

अत: सभी केन्द्र-प्रमुख तथा विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण से अनुरोध है कि वे राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता के तहत अपने सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्र के सभी कर्मचारियों को उक्त अवधि में अधिक से अधिक सरकारी कार्य हिंदी में करने हेतु प्रेरित करें।

दिव्या

(दिव्या यानामदाला)
वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं
राजभाषा अधिकारी

<u>वितरण</u> :- सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र।

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक/अनुसंधान/परीक्षा)/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
2. अपर निदेशक (प्रशासन)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदया के निजी सचिव।
3. मुख्य प्रशासन अधिकारी/ अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
4. सभी नोडल राजभाषा अधिकारी।
5. प्रभारी-संकाय, कंप्यूटर सुविधा- इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।